रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०८ /२०२४ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 08/2024- Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

| | |
|---|---|
| Test Date | 26/12/2025 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **General Science**

**Q.1** जब किसी अधिक अभिक्रियाशील धातु को किसी कम अभिक्रियाशील धातु के लवण विलयन में रखा जाता है, तो वह ________।

Ans
- ✗ A. अपचयित हो जाती है
- ✗ B. ऑक्सीकृत हो जाती है
- ✓ C. कम अभिक्रियाशील धातु को विस्थापित कर देती है
- ✗ D. अभिक्रिया नहीं करती है

**Q.2** 12 kg द्रव्यमान वाली एक वस्तु इस प्रकार स्थित है कि भूमि के सापेक्ष उसकी स्थितिज ऊर्जा 480 J है। यदि g = 10 m $s^{-2}$ मान लें, तो वस्तु की ऊँचाई (h) कितनी होगी?

Ans
- ✗ A. 120 m
- ✗ B. 40 m
- ✗ C. 2 m
- ✓ D. 4 m

**Q.3** वह कौन सी फसल पद्धति है जिसमें एक ही भूमि पर एक ही समय में लेकिन एक निश्चित पंक्ति या स्थानिक विन्यास में दो या दो से अधिक फसलों को एक साथ उगाया जाता है?

Ans
- ✗ A. एकसस्यन (Monocropping)
- ✗ B. सस्यावर्तन (Crop rotation)
- ✓ C. अंतरासस्यन (Intercropping)
- ✗ D. मिश्रित सस्यन (Mixed cropping)

**Q.4** यदि अंडा निषेचित नहीं हो तो क्या होगा?

Ans
- ✗ A. यह भ्रूण बन जाता है।
- ✗ B. यह गर्भाशय में प्रत्यारोपित होता है।
- ✓ C. यह लगभग एक दिन तक जीवित रहता है और फिर विघटित हो जाता है।
- ✗ D. यह एक सप्ताह तक जीवित रहता है।

**Q.5** एक ध्वनि तरंग की तरंगदैर्ध्य 0.5 m और आवृत्ति 680 Hz है। ध्वनि की चाल कितनी है?

Ans
- ✗ A. 680 m/s
- ✗ B. 170 m/s
- ✓ C. 340 m/s
- ✗ D. 1360 m/s

| Q.6 | हाइड्रोमीटर द्रवों का घनत्व मापने के लिए प्रयुक्त उपकरण हैं। ये किस वैज्ञानिक सिद्धांत पर आधारित हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. गुरुत्वाकर्षण के सार्वत्रिक नियम |
| | ✗ B. पास्कल के नियम |
| | ✓ C. आर्किमिडीज के सिद्धांत |
| | ✗ D. न्यूटन के प्रथम नियम |

| Q.7 | जब किसी वस्तु को उत्तल लेंस के फोकस पर रखा जाता है, तो प्रतिबिंब का निर्माण __________ होता है। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. वक्रता केंद्र पर |
| | ✗ B. वस्तु की समान दिशा में |
| | ✗ C. F और 2F के बीच |
| | ✓ D. अनंत पर |

| Q.8 | कार्बन बड़ी संख्या में यौगिक बनाने में सक्षम क्यों है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. यह श्रृंखला और चतु:संयोजकता दर्शाता है। |
| | ✗ B. यह प्रबल आयनिक बंध बनाता है। |
| | ✗ C. इसका घनत्व उच्च है। |
| | ✗ D. यह अत्यधिक अभिक्रियाशील है। |

| Q.9 | व्यायाम के बाद पेशी कोशिकाएँ अधिक माइटोकॉन्ड्रियल सक्रियता प्रदर्शित करती हैं। परिणाम निम्नलिखित में से किसका संकेत देते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. माइटोकॉन्ड्रिया थकान का कारण बनती हैं। |
| | ✗ B. कोशिकाएँ बड़ी हो जाती हैं। |
| | ✓ C. सक्रियता के दौरान अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। |
| | ✗ D. कोशिका विभाजन रुक जाता है। |

| Q.10 | उत्तल लेंस का मुख्य फोकस _______। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. वह बिंदु होता है जहाँ अपसारी किरणें मिलती हैं |
| | ✗ B. सदैव अनंत पर होता है |
| | ✗ C. लेंस के पीछे वह बिंदु होता है जहाँ किरणें अपसारित होती हैं |
| | ✓ D. वह बिंदु होता है जहाँ समानांतर किरणें अभिसरित होती हैं |

| Q.11 | स्थिर तापमान पर अवस्था परिवर्तन के दौरान अवशोषित ऊर्जा को क्या कहते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ऊष्मीय ऊर्जा |
| | ✓ B. गुप्त ऊष्मा |
| | ✗ C. गतिज ऊर्जा |
| | ✗ D. विशिष्ट ऊष्मा |

| Q.12 | निम्नलिखित में से कौन-सा कोशिकीय अंगक पुटिकाओं में उत्पादों के भंडारण, संशोधन और पैकेजिंग का कार्य करता है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. राइबोसोम (Ribosomes) |
| | ✗ B. रसधानी (Vacuoles) |
| | ✗ C. क्लोरोप्लास्ट (Chloroplast) |
| | ✓ D. गॉल्जी सम्मिश्र (Golgi Complex) |

| | |
|---|---|
| Q.13 | निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, क्रमशः विद्युत शक्ति के SI मात्रक (unit) और विद्युत ऊर्जा के वाणिज्यिक मात्रक (commercial unit) का सही वर्णन करता है? |
| Ans | ✗ A. वोल्ट (V); जूल (J) |
| | ✓ B. वाट (W); किलोवाट-घंटा (kWh) |
| | ✗ C. किलोवाट-घंटा (kWh); वाट (W) |
| | ✗ D. वाट (W); जूल (J) |

| | |
|---|---|
| Q.14 | द्रव्यमान 'm' वाले किसी पिंड पर बल 'F' कार्य करता है, जिससे त्वरण 'a' उत्पन्न होता है। यदि यही बल द्रव्यमान '2m' वाले किसी पिंड पर कार्य करे, तो उत्पन्न त्वरण कितना होगा? |
| Ans | ✗ A. 2a |
| | ✗ B. a |
| | ✗ C. a/4 |
| | ✓ D. a/2 |

| | |
|---|---|
| Q.15 | क्षारकीय विलयन का pH मान कितना होता है? |
| Ans | ✗ A. इसका निर्धारण नहीं किया जा सकता |
| | ✗ B. 7 के बराबर |
| | ✓ C. 7 से अधिक |
| | ✗ D. 7 से कम |

| | |
|---|---|
| Q.16 | असंतुलित बल के कारण, कौन-सी राशि परिवर्तित होती है? |
| Ans | ✗ A. द्रव्यमान |
| | ✗ B. घनत्व |
| | ✓ C. वेग |
| | ✗ D. समय |

| | |
|---|---|
| Q.17 | किसी तत्व की परमाणु संख्या किससे निर्धारित होती है? |
| Ans | ✗ A. समस्थानिक में न्यूट्रॉनों की संख्या |
| | ✗ B. सभी कोशों में इलेक्ट्रॉनों की संख्या |
| | ✓ C. नाभिक में प्रोटॉनों की कुल संख्या |
| | ✗ D. द्रव्यमान और आवेश के बीच के अंतर |

| | |
|---|---|
| Q.18 | यदि एक समान धात्विक चालक की लम्बाई दोगुनी कर दी जाए तथा साथ ही उसका अनुप्रस्थ-परिच्छेदीय क्षेत्रफल भी दोगुना कर दिया जाए, तो चालक का प्रतिरोध किस प्रकार बदलेगा? |
| Ans | ✗ A. यह मूल प्रतिरोध के आधे तक घट जाता है। |
| | ✓ B. यह मूल प्रतिरोध के समान ही रहता है। |
| | ✗ C. यह मूल प्रतिरोध से चार गुना हो जाता है। |
| | ✗ D. यह मूल प्रतिरोध को दोगुना कर देता है। |

| | |
|---|---|
| Q.19 | निम्नलिखित में से कौन-सा पोषण स्तर, तृतीयक उपभोक्ताओं द्वारा आच्छादित है? |
| Ans | ✓ A. चौथा पोषण स्तर |
| | ✗ B. पहला पोषण स्तर |
| | ✗ C. तीसरा पोषण स्तर |
| | ✗ D. दूसरा पोषण स्तर |

| | |
|---|---|
| Q.20 | निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, लैंगिक जनन में निषेचन के महत्व का सर्वोत्तम रूप से वर्णन करता है? |
| Ans | ✔ A. यह भ्रूण के निर्माण में सहायक होता है। |
| | ✗ B. यह मादाओं में अंडों की संख्या बढ़ाता है। |
| | ✗ C. यह प्रजनन पथ को शुद्ध करता है। |
| | ✗ D. यह गर्भाशय को ऋतु स्राव के लिए तैयार करता है। |

| | |
|---|---|
| Q.21 | नीचे दिए गए दोनों कथनों का संदर्भ लेते हुए सही विकल्प का चयन कीजिए।<br>कथन **A:** अम्ल सभी धातुओं के साथ अभिक्रिया करके हाइड्रोजन गैस बनाते हैं।<br>कथन **B:** सोना और प्लेटिनम भी अम्लों के साथ अभिक्रिया करके हाइड्रोजन गैस मुक्त करते हैं। |
| Ans | ✗ A. कथन A सही है लेकिन B गलत है। |
| | ✗ B. कथन A और B दोनों सही हैं। |
| | ✔ C. कथन A और B दोनों गलत हैं। |
| | ✗ D. कथन A गलत है लेकिन B सही है। |

| | |
|---|---|
| Q.22 | 'सूत्र इकाई द्रव्यमान' पद का क्या अर्थ है? |
| Ans | ✗ A. एक सहसंयोजक यौगिक के एक अणु का द्रव्यमान |
| | ✗ B. यौगिक के एक मोल में परमाणुओं का कुल द्रव्यमान |
| | ✗ C. एक परमाणु में एकल प्रोटॉन का द्रव्यमान |
| | ✔ D. यौगिक के सभी परमाणुओं के परमाणु द्रव्यमानों का योग |

| | |
|---|---|
| Q.23 | निम्नलिखित में से कौन-सा एक, समांगी मिश्रण (homogeneous mixture) है? |
| Ans | ✗ A. रेत और लोह |
| | ✔ B. वायु |
| | ✗ C. तेल और जल |
| | ✗ D. जल और बर्फ |

| | |
|---|---|
| Q.24 | निम्नलिखित में से कौन-सा, कायिक प्रवर्धन द्वारा उत्पन्न पादपों की विशिष्ट विशेषता नहीं है? |
| Ans | ✔ A. ये संतानों (offspring) की विशेषताओं में भिन्नता दर्शाते हैं। |
| | ✗ B. इन्हें परागण की आवश्यकता नहीं होती है। |
| | ✗ C. ये बीज से उगने वाले पादपों की तुलना में पुष्प और फल जल्दी देते हैं। |
| | ✗ D. ये आनुवंशिक रूप से अपने जनक के समान होते हैं। |

| | |
|---|---|
| Q.25 | जीवित जीवों में पोषण की प्रक्रिया का प्राथमिक उद्देश्य क्या है? |
| Ans | ✗ A. कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य अपशिष्ट पदार्थों का उत्पादन करना |
| | ✔ B. बाह्य स्रोतों से ऊर्जा और कच्चा माल प्राप्त करना |
| | ✗ C. दृश्य गति और प्रजनन को नियंत्रित करना |
| | ✗ D. प्रकाश संश्लेषण के लिए आवश्यक ऑक्सीजन अणु का निर्माण करना |

Section : **Mathematics**

| | |
|---|---|
| Q.26 | राजू के पास रिया से ₹50 अधिक हैं। दोनों के पास कुल मिलाकर ₹350 हैं। राजू के पास कितने रूपये हैं? |
| Ans | ✔ A. ₹200 |
| | ✗ B. ₹250 |
| | ✗ C. ₹225 |
| | ✗ D. ₹150 |

| Q.27 | यदि कोई वस्तु ₹800 में खरीदी गई और ₹740 में बेची गई, तो हानि प्रतिशत कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 8.5% |
| | ✗ B. 6.5% |
| | ✓ C. 7.5% |
| | ✗ D. 9.5% |

| Q.28 | दो पाइप, A और B, एक टंकी को क्रमशः 6 घंटे और 8 घंटे में भर सकते हैं। पाइप C टंकी को 10 घंटे में खाली कर सकता है। आरंभ में, टंकी को 3 घंटे तक भरने के लिए पाइप A और B को एक साथ खोला जाता है। 3 घंटे बाद, पाइप A को बंद कर दिया जाता है, और पाइप B और C को एक साथ खोल दिया जाता है। पाइप B और C द्वारा टंकी के शेष भाग को भरने में लिया गया समय, पाइप A और B द्वारा आरंभिक 3 घंटों में टंकी को भरने में लिए गए समय से कितने प्रतिशत अधिक है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. $\frac{200}{3}\%$ |
| | ✗ B. $\frac{100}{3}\%$ |
| | ✗ C. $\frac{150}{3}\%$ |
| | ✗ D. $\frac{50}{3}\%$ |

| Q.29 | एक रेलगाड़ी 270 km की दूरी 4.5 घंटे में तय करती है। रेलगाड़ी की चाल कितनी है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 55 km/h |
| | ✓ B. 60 km/h |
| | ✗ C. 70 km/h |
| | ✗ D. 65 km/h |

| Q.30 | शाहिद अपने घर से अपनी सामान्य चाल की $\frac{5}{7}$ चाल से चलकर अपने कार्यालय जाता है तो उसे पहुँचने में 22 मिनट का विलंब हो जाता है।<br>उसके द्वारा अपने घर और कार्यालय के बीच की दूरी तय करने में लगने वाला सामान्य समय कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 61 मिनट |
| | ✗ B. 48 मिनट |
| | ✓ C. 55 मिनट |
| | ✗ D. 51 मिनट |

| Q.31 | 11 फरवरी 2023 से 25 अप्रैल 2023 तक की अवधि के लिए ₹2,000 पर 7% वार्षिक ब्याज दर से साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 26 |
| | ✗ B. 27 |
| | ✓ C. 28 |
| | ✗ D. 29 |

| Q.32 | 44, 110 और 198 का महत्तम समापवर्तक (HCF) ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 44 |
| | ✓ B. 22 |
| | ✗ C. 33 |
| | ✗ D. 11 |

| Q.33 | ईंधन की कीमत तीन लगातार महीनों में 50%, 40% और 20% कम हो जाती है, लेकिन चौथे महीने में 50% बढ़ जाती है। मूल कीमत की तुलना में चौथे महीने में ईंधन की कीमत में कितने प्रतिशत की वृद्धि/कमी हुई? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 62% की कमी |
| | ✓ B. 64% की कमी |
| | ✗ C. 65% की वृद्धि |
| | ✗ D. 61% की वृद्धि |

| Q.34 | एक शंकाकार पात्र जिसकी त्रिज्या 12 cm और ऊँचाई 16 cm है, पानी से पूर्ण रूप से भरा हुआ है, उसमें एक गोला डुबोया जाता है। गोले का आकार ऐसा है कि जब वह शंकु की भुजाओं को छूता है, तो वह उसमें पूर्णतया डूब जाता है। छलक कर बाहर निकले पानी के आयतन और शंकु में बचे पानी के आयतन का अनुपात ज्ञात कीजिए। ( $\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग करें) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 2 : 7 |
| | ✗ B. 4 : 5 |
| | ✓ C. 3 : 5 |
| | ✗ D. 5 : 7 |

| Q.35 | 102 आदमियों के पास 30 सप्ताह के लिए राशन है। उनके साथ 78 आदमी और शामिल हो जाते हैं। यह राशन कितने समय (सप्ताह में) चलेगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 21 |
| | ✗ B. 19 |
| | ✓ C. 17 |
| | ✗ D. 15 |

| Q.36 | पूर्णांक 85 वाली एक परीक्षा में, B को 50 अंक मिले जबकि A को 75 अंक मिले। B के अंक A के अंकों का कितना प्रतिशत था? (उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित करें।) |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 66.67% |
| | ✗ B. 150.28% |
| | ✗ C. 85.79% |
| | ✗ D. 88.23% |

| Q.37 | आँकड़ों के एक समूह का माध्य और बहुलक क्रमशः 86.7 और 51.3 हैं। मूलानुपाती सूत्र (empirical formula) का उपयोग करके आँकड़ों की माध्यिका ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 76.2 |
| | ✗ B. 74 |
| | ✗ C. 75.8 |
| | ✓ D. 74.9 |

| Q.38 | एक पाइप एक टंकी को 6 मिनट में भर सकता है, जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरी हुई टंकी को 12 मिनट में खाली कर सकता है। यदि टंकी खाली होने पर दोनों पाइपों को एक साथ खोला जाए, तो टंकी को आधा भरने में कितने मिनट लगेंगे? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 6 |
| | ✗ B. 12 |
| | ✗ C. 7 |
| | ✗ D. 13 |

| Q.39 | यदि $\tan\theta = \frac{1-p^2}{2p}$ है तथा $\theta$ एक न्यून कोण है, तो $\sin\theta$ का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. $\frac{1+p^2}{1-p^2}$ |
| | ✗ B. $\frac{2p}{1+p^2}$ |
| | ✓ C. $\frac{1-p^2}{1+p^2}$ |
| | ✗ D. $\frac{1+p^2}{2p}$ |

| Q.40 | ₹10,511 को X, Y और Z के बीच इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि यदि उनके हिस्से से क्रमशः ₹87, ₹42 और ₹12 काट लिए जाएं, तो उनके पास 6 : 16 : 12 के अनुपात में धनराशि बचती है। Y और Z के मूल हिस्सों के बीच अंतर ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. ₹1,370 |
| | ✓ B. ₹1,250 |
| | ✗ C. ₹1,320 |
| | ✗ D. ₹1,120 |

| Q.41 | गिरीश और रोहन की आयु में 10 वर्ष का अंतर है। 15 वर्ष पहले, गिरीश की आयु, रोहन से दोगुनी थी। गिरीश की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 32 वर्ष |
| | ✗ B. 37 वर्ष |
| | ✗ C. 39 वर्ष |
| | ✓ D. 35 वर्ष |

| Q.42 | यदि P, 15 और 20 का चतुर्थानुपाती 1 है, तो P का मान ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 298 |
| | ✗ B. 302 |
| | ✓ C. 300 |
| | ✗ D. 297 |

| Q.43 | प्रेक्षणों 52, 40, 76, 99, 52, 27, 80, 27 और 24 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 56 |
| | ✗ B. 60 |
| | ✗ C. 47 |
| | ✓ D. 53 |

| Q.44 | एक चतुर्भुज QRST में, ∠Q = 96° और ∠R = 43° है। ∠S और ∠T के समद्विभाजक E पर मिलते हैं। ∠TES का माप कितना है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 78° |
| | ✓ B. 69.5° |
| | ✗ C. 56° |
| | ✗ D. 70.5° |

| | |
|---|---|
| Q.45 | यदि किसी संख्या के $\frac{1}{2}$ के 50% का 40%, 900 है। तो वह संख्या ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✗ A. 8410 |
| | ✗ B. 11490 |
| | ✓ C. 9000 |
| | ✗ D. 12730 |

| | |
|---|---|
| Q.46 | 11%, 12% और 2% की तीन क्रमिक छूटों के बराबर एकल छूट (लगभग) ज्ञात कीजिए। |
| Ans | ✓ A. 23.25% |
| | ✗ B. 20.49% |
| | ✗ C. 25.59% |
| | ✗ D. 23.97% |

| | |
|---|---|
| Q.47 | यदि a+b+c=0 है, तो $(a^3 + b^3 + c^3)^2$ का मान कितना है? |
| Ans | ✗ A. $6a^2b^2c^2$ |
| | ✗ B. $9abc$ |
| | ✗ C. $3a^2b^2c^2$ |
| | ✓ D. $9a^2b^2c^2$ |

| | |
|---|---|
| Q.48 | एक संवृत बेलन के आधार का व्यास 24 ft और ऊंचाई 9 ft है। बेलन का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का प्रयोग कीजिए) |
| Ans | ✗ A. $1574\ ft^2$ |
| | ✗ B. $1594\ ft^2$ |
| | ✓ C. $1584\ ft^2$ |
| | ✗ D. $1564\ ft^2$ |

| | |
|---|---|
| Q.49 | एक एजेंट ₹6,370 अंकित मूल्य वाले एक टर्बो कुकर को 60% की छूट पर बेचता है। टर्बो कुकर का विक्रय मूल्य (₹ में) कितना है? |
| Ans | ✗ A. 2,549 |
| | ✗ B. 2,547 |
| | ✗ C. 2,546 |
| | ✓ D. 2,548 |

| | |
|---|---|
| Q.50 | एक छात्रा $0.25$ की घात $6$ को $0.125$ के वर्ग से भाग, और फिर $0.5$ की घात $4$ से गुणा वाले व्यंजक को सरल करती है। वह अंतिम उत्तर को $0.5^{x+3}$ के रूप में लिखती है। x का कौन-सा मान दोनों पक्षों को बराबर कर देगा? |
| Ans | ✗ A. 4 |
| | ✗ B. 6 |
| | ✓ C. 7 |
| | ✗ D. 10 |

Section : **General Intelligence and Reasoning**

| Q.51 | यदि संख्या 3267541 में प्रत्येक सम अंक में 3 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में अंतिम दो तथा पहले दो अंकों का योग क्या होगा? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 28 |
| | ✓ B. 20 |
| | ✗ C. 35 |
| | ✗ D. 40 |

| Q.52 | A, B, C, D, E और F एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। B, C के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। C, A के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। F, D के दाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। D, E के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। E के बाईं ओर से गिनने पर, E और B के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. एक |
| | ✗ B. दो |
| | ✗ C. एक भी नहीं |
| | ✗ D. चार |

| Q.53 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br><br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. QOS |
| | ✗ B. ECG |
| | ✓ C. KJM |
| | ✗ D. USW |

| Q.54 | किसी निश्चित कूट भाषा में, "XANJ" को "98" के रूप में कूटबद्ध किया गया है तथा "VLQG" को "116" के रूप में कूटबद्ध किया गया है। उस भाषा में "ZRHU" के लिए कूट क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 130 |
| | ✗ B. 139 |
| | ✓ C. 146 |
| | ✗ D. 141 |

| Q.55 | प्रकाश बिंदु A से चलना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 35 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 38 km गाड़ी चलाता है, फिर दाएं मुड़ता है और 41 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 54 km गाड़ी चलाता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है, 6 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।) |
|---|---|
| Ans | ✓ A. पश्चिम में 16 km |
| | ✗ B. पूर्व में 17 km |
| | ✗ C. पश्चिम में 15 km |
| | ✗ D. पूर्व में 18 km |

| Q.56 | निम्न शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, प्रश्न-चिह्नों (?) के स्थान पर समान क्रम में कौन-सी संख्याएं आनी चाहिए?<br><br>989 979 969 ? 949 ? 929 |
|---|---|
| Ans | ✗ A. क्रमशः, 929 और 939 |
| | ✗ B. क्रमशः, 949 और 939 |
| | ✓ C. क्रमशः, 959 और 939 |
| | ✗ D. क्रमशः, 959 और 929 |

| Q.57 | निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।<br><br>(बाएं) 7 9 5 6 8 9 2 9 7 2 9 4 3 1 5 4 5 8 2 4 1 4 3 1 4 8 1 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी सम संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक विषम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 6 |
| | ✗ B. 4 |
| | ✗ C. 7 |
| | ✓ D. 5 |

| Q.58 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?<br><br>SWE UYG WAI YCK ? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. AEM |
| | ✗ B. ADE |
| | ✗ C. ASE |
| | ✗ D. AME |

| Q.59 | निम्नलिखित संख्या श्रृंखला को देखें और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दें (सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं करनी है।<br><br>(बाएं) 7 4 1 2 4 9 7 5 3 6 1 5 2 7 4 5 8 3 9 6 5 7 3 9 1 4 2 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी विषम संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम संख्या है तथा ठीक बाद भी एक सम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. दो |
| | ✗ B. एक |
| | ✓ C. तीन |
| | ✗ D. एक भी नहीं |

| Q.60 | दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>63 72 82 93 105 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 120 |
| | ✗ B. 116 |
| | ✓ C. 118 |
| | ✗ D. 114 |

| Q.61 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>'A + B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',<br>'A – B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',<br>'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है' और<br>'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'।<br><br>यदि 'V + W × X – Z ÷ Y' है, तो V का Y से क्या संबंध है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पुत्री का पति |
| | ✗ B. पिता के पिता |
| | ✗ C. भाई का पुत्र |
| | ✓ D. पत्नी का भाई |

| Q.62 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर KNSM, ORWQ से एक निश्चित तरीके से संबंधित है। उसी प्रकार, NQVP, RUZT से संबंधित है। इसी तर्क का पालन करते हुए, GJOI दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. KOSL |
| | ✓ B. KNSM |
| | ✗ C. KNSL |
| | ✗ D. KOSM |

| Q.63 | किसी निश्चित कूट भाषा में, "VACP" को "126" के रूप में तथा "MHTJ" को "153" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में "OGQE" के लिए कूट क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. 132 |
| | ✗ B. 140 |
| | ✗ C. 129 |
| | ✗ D. 135 |

| Q.64 | दी गई श्रृंखला को देखिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएँ केवल एकल अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएं से दाएं करनी है।<br><br>(बाएं) 7 2 6 9 7 6 5 7 7 8 8 3 6 3 6 8 3 2 5 5 2 3 1 4 6 1 8 (दाएं)<br><br>ऐसी कितनी विषम संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक विषम संख्या और ठीक बाद एक सम संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 3 |
| | ✓ B. 4 |
| | ✗ C. 5 |
| | ✗ D. 6 |

| Q.65 | उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br><br>JGF−GDC<br>FCB−CZY |
|---|---|
| Ans | ✗ A. BYX−XVT |
| | ✗ B. BXV−YVU |
| | ✗ C. BXV−XUT |
| | ✓ D. BYX−YVU |

| Q.66 | उस सेट का चयन कीजिए, जिसमें संख्याएं उसी प्रकार संबंधित हैं जैसे कि निम्नलिखित सेटों की संख्याएं संबंधित हैं।<br><br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(14, 28, 2)<br>(13, 39, 3) |
|---|---|
| Ans | ✗ A. (17, 65, 5) |
| | ✗ B. (16, 32, 3) |
| | ✗ C. (11, 55, 6) |
| | ✓ D. (15, 45, 3) |

| Q.67 | दयानंद अपनी कक्षा में ऊपर से 17वें स्थान पर और नीचे से 11वें स्थान पर है। कक्षा में कितने विद्यार्थी हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 25 |
| | ✗ B. 28 |
| | ✓ C. 27 |
| | ✗ D. 26 |

| Q.68 | निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए तथा दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।<br><br>(बाएं) 5 € $ 4 9 & & 4 € @ © 7 @ 7 9 1 8 # 8 % 5 £ (दाएं)<br><br>ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद भी एक संख्या है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 8 |
| | ✗ B. 4 |
| | ✓ C. 3 |
| | ✗ D. 9 |

| Q.69 | सात मित्र, L, M, N, O, Q, R और S, उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। O के दाईं ओर केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। O और S के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। S और L के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। R, M के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। N, S का निकटतम पड़ोसी नहीं है। Q के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. तीन |
| | ✗ B. चार |
| | ✓ C. एक |
| | ✗ D. दो |

| Q.70 | निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?<br><br>YCG 87 IMQ 95 SWA 103 CGK 111 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. MRT 119 |
| | ✓ B. MQU 119 |
| | ✗ C. MRX 118 |
| | ✗ D. MPT 118 |

| Q.71 | दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>191 181 182 172 173 163 ? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 161 |
| | ✓ B. 164 |
| | ✗ C. 162 |
| | ✗ D. 163 |

| | |
|---|---|
| Q.72 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>कुछ बैंगन, मिर्च हैं।<br>कुछ मिर्च, शलजम हैं।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I) कुछ बैंगन, शलजम हैं।<br>(II) सभी शलजम, मिर्च हैं। |
| Ans | ✔ A. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। |
| | ✘ B. दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं। |
| | ✘ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। |
| | ✘ D. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। |

| | |
|---|---|
| Q.73 | यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>65 B 7 D 912 A 6 C 98 = ? |
| Ans | ✔ A. 401 |
| | ✘ B. 410 |
| | ✘ C. 471 |
| | ✘ D. 444 |

| | |
|---|---|
| Q.74 | अनंत बिंदु A से चलना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 32 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 34 km गाड़ी चलाता है, फिर बाएं मुड़ता है और 35 km गाड़ी चलाता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 38 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है, 3 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर दोबारा पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।) |
| Ans | ✔ A. पूर्व में 4 km |
| | ✘ B. पूर्व में 3 km |
| | ✘ C. पश्चिम में 5 km |
| | ✘ D. पश्चिम में 6 km |

| | |
|---|---|
| Q.75 | उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।<br><br>CL-FO-IK<br>EN-HQ-KM |
| Ans | ✘ A. HP-JS-MN |
| | ✔ B. GP-JS-MO |
| | ✘ C. GP-JS-MN |
| | ✘ D. HP-JR-MN |

| | |
|---|---|
| Q.76 | A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।<br>F के दाईं ओर से गिने जाने पर, F और C के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C के दाईं ओर से गिने जाने पर, C और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। F के दाईं ओर से गिने जाने पर, F और G के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। E, D के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है।<br>D के दाईं ओर से गिने जाने पर, D और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? |
| Ans | ✘ A. 1 |
| | ✔ B. 4 |
| | ✘ C. 2 |
| | ✘ D. 3 |

| | |
|---|---|
| Q.77 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।<br><br>कथन:<br>सभी फल, सब्जी हैं।<br>कोई सब्जी, कद्दू नहीं है।<br><br>निष्कर्ष:<br>(I): कोई फल, कद्दू नहीं है।<br>(II): कुछ कद्दू, सब्जी हैं। |
| Ans | ✔ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है |
| | ✘ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है |
| | ✘ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है |
| | ✘ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं |

| | |
|---|---|
| Q.78 | उत्तर की ओर अभिमुख 52 व्यक्तियों की एक पंक्ति में, नीना दाएँ छोर से 24वें स्थान पर है। यदि मिष्टी, नीना के बाएँ 15वें स्थान पर बैठी है, तो पंक्ति के बाएँ छोर से मिष्टी का स्थान कौन-सा है? |
| Ans | ✘ A. 16वां |
| | ✘ B. 15वां |
| | ✘ C. 13वां |
| | ✔ D. 14वां |

| | |
|---|---|
| Q.79 | यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?<br><br>17 ÷ 18 + 88 × 2 − 313 = ? |
| Ans | ✘ A. 512 |
| | ✘ B. 534 |
| | ✔ C. 575 |
| | ✘ D. 597 |

| | |
|---|---|
| Q.80 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?<br><br>(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।) |
| Ans | ✔ A. UXY |
| | ✘ B. GIK |
| | ✘ C. FHJ |
| | ✘ D. WYA |

Section : **General Awareness and Current Affairs**

| | |
|---|---|
| Q.81 | निम्नलिखित में से किस संस्था ने नवंबर 2025 में COP30 में WHO और अन्य संयुक्त राष्ट्र भागीदारों के साथ मिलकर 'द बेलेम हेल्थ एक्शन प्लान' कार्यक्रम का सह-आयोजन किया था? |
| Ans | ✘ A. वर्ल्ड ट्रेड इंस्टीट्यूट (WTI) |
| | ✘ B. नेशनल इंस्टीट्यूट्स ऑफ हेल्थ (NIH) |
| | ✔ C. यूनाइटेड नेशन्स यूनिवर्सिटी (UNU) |
| | ✘ D. ग्लोबल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ (GIPH) |

| Q.82 | मई 2025 में, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने नॉर्थईस्ट स्मॉल फाइनेंस बैंक का नाम बदलकर ____________ करने को मंजूरी दी। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. नॉर्थईस्ट माइक्रो फाइनेंस बैंक लिमिटेड |
| | ✓ B. स्लाइस स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड |
| | ✗ C. सिनर्जी स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड |
| | ✗ D. नॉर्थईस्ट रीजनल फाइनेंस बैंक लिमिटेड |

| Q.83 | किस टीम ने 2025 EFL चैम्पियनशिप प्लेऑफ़ फ़ाइनल जीता और प्रीमियर लीग में जाने का मार्ग प्रशस्त किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. साउथेम्प्टन |
| | ✗ B. लीड्स यूनाइटेड |
| | ✓ C. सुंदरलैंड |
| | ✗ D. शेफ़ील्ड यूनाइटेड |

| Q.84 | विश्व स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन क्षेत्रीय बैठक, 2025, कहाँ आयोजित की गई? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पटना |
| | ✓ B. नई दिल्ली |
| | ✗ C. कोलकाता |
| | ✗ D. गुवाहाटी |

| Q.85 | नवंबर 2025 में संपूर्ण NCR के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (CAQM)–संशोधित ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (GRAP) के अनुसार, किस उपाय को चरण II से चरण I तक आगे बढ़ाया गया था? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. कार्यालयों को 50% कर्मचारियों के साथ और बाकी कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति |
| | ✗ B. NCR में सभी निर्माण गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध |
| | ✓ C. DG सेट के उपयोग को हतोत्साहित करने हेतु निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना |
| | ✗ D. दिल्ली और NCR के प्रमुख जिलों में सार्वजनिक कार्यालयों के लिए समय में बदलाव |

| Q.86 | 24 जुलाई 2025 को पत्तन,पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने भारत के समुद्री भविष्य के लिए वित्तीय रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए नई दिल्ली में किस कार्यक्रम की मेजबानी की? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पत्तन एवं पोत परिवहन निवेश शिखर सम्मेलन, 2025 |
| | ✗ B. भारत समुद्री विजन 2047 सम्मेलन |
| | ✗ C. समुद्री विकास मंच, 2025 |
| | ✓ D. समुद्री वित्तपोषण शिखर सम्मेलन, 2025 |

| Q.87 | जून 2025 में, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किस राज्य के बाढ़ खतरा क्षेत्र एटलस (Flood Hazard Zonation Atlas) का अनावरण किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. महाराष्ट्र |
| | ✗ B. हिमाचल प्रदेश |
| | ✓ C. असम |
| | ✗ D. गुजरात |

| Q.88 | नवंबर 2025 में, संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन COP30 कहां आयोजित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. बैंकॉक, थाईलैंड |
| | ✗ B. क्विटो, इक्वाडोर |
| | ✗ C. नैरोबी, केन्या |
| | ✓ D. बेलेम, ब्राज़ील |

| Q.89 | केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) ने फरवरी 2025 में एक सर्कुलर के माध्यम से उद्योगों के लिए एक नई ब्लू कैटेगरी की शुरूआत की। कौन-से उद्योग इसके अंतर्गत आते हैं? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. इन्फोसिस जैसे IT और सॉफ्टवेयर सेवा प्रदाता |
| | ✗ B. रिफाइनरियों जैसे उच्च-प्रदूषणकारी उद्योग |
| | ✗ C. कपड़ा और चमड़ा उद्योग |
| | ✓ D. अपशिष्ट-से-ऊर्जा संयंत्रों जैसी आवश्यक पर्यावरणीय सेवाएं |

| Q.90 | अक्टूबर 2025 में, वक्फ बोर्डों के साथ क्षेत्रीय बैठक निम्नलिखित में से किस शहर में आयोजित की गई थी? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. हैदराबाद |
| | ✗ B. मुंबई |
| | ✗ C. दिल्ली |
| | ✓ D. बेंगलुरु |

| Q.91 | सितंबर 2025 में प्रकाशित अरुंधति रॉय की नवीनतम पुस्तक का शीर्षक क्या है? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. मदर मेरी कम्स टु मी |
| | ✗ B. द आर्किटेक्चर ऑफ मॉडर्न एंपायर |
| | ✗ C. आज़ादी: फ्रीडम. फ़ासीज़्म. फ़िक्शन |
| | ✗ D. द मिनिस्ट्री ऑफ अटमोस्ट हैपीनेस |

| Q.92 | 7 मई 2025 को आयोजित राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल "ऑपरेशन अभ्यास", भारत में निम्नलिखित में से किसके द्वारा आयोजित किया गया था? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. वित्त मंत्रालय |
| | ✗ B. नीति आयोग |
| | ✗ C. भारतीय प्रशासनिक विज्ञान संस्थान |
| | ✓ D. गृह मंत्रालय |

| Q.93 | मार्च 2025 में, किस 12 वर्षीय तैराक ने गेटवे ऑफ इंडिया से अटल सेतु तक 17 km ओपेन-वाटर स्विम में रिकॉर्ड बनाया? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. तनय तुषार लाड |
| | ✗ B. रोहन मेहता |
| | ✗ C. अर्जुन बोर्स |
| | ✗ D. विहान शर्मा |

| Q.94 | जून 2025 में लुधियाना पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र के लिए हुए उपचुनाव में किस राजनीतिक दल ने जीत हासिल की है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. पंजाब सेवा दल |
| | ✗ B. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| | ✗ C. भारतीय जनता पार्टी |
| | ✓ D. आम आदमी पार्टी |

| Q.95 | निम्नलिखित में से किस संगठन ने अगस्त 2025 में परमाणु क्षमता वाली अग्नि-5 मिसाइल का सफल परीक्षण किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (BDL) |
| | ✗ B. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) |
| | ✓ C. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) |
| | ✗ D. हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) |

| Q.96 | अप्रैल 2025 में, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने बैंकों को ____________ तक '.bank.in' डोमेन पर जाने का आदेश दिया। |
|---|---|
| Ans | ✗ A. 30 मई 2025 |
| | ✗ B. 31 दिसंबर 2025 |
| | ✗ C. 31 मार्च 2026 |
| | ✓ D. 31 अक्टूबर 2025 |

| Q.97 | पश्चिम बंगाल कार्यस्थल सुरक्षा दिशानिर्देश (2025) निर्दिष्ट करता है कि महिलाओं के लिए रात्रि पाली में _______________ शामिल होना चाहिए। |
|---|---|
| Ans | ✓ A. कम से कम 10 महिलाएं या कुल कर्मचारियों का एक तिहाई, जो भी अधिक हो |
| | ✗ B. केवल महिला पर्यवेक्षक |
| | ✗ C. प्रत्येक शिफ्ट में कम से कम 50% महिला सुरक्षाकर्मी |
| | ✗ D. कम से कम दो-तिहाई महिला कर्मचारी या 20 महिलाएं, जो भी अधिक हो |

| Q.98 | 2025 तक IPL में सर्वाधिक बार पचास से अधिक स्कोर का रिकॉर्ड किसके नाम है? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. रोहित शर्मा |
| | ✗ B. डेविड वार्नर |
| | ✓ C. विराट कोहली |
| | ✗ D. शिखर धवन |

| Q.99 | निम्नलिखित में से किस प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ी को जनवरी 2025 में संयुक्त राज्य अमेरिका के सर्वोच्च नागरिक सम्मान, यूनाइटेड स्टेट्स प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम से सम्मानित किया गया? |
|---|---|
| Ans | ✓ A. लियोनेल मेसी (Lionel Messi) |
| | ✗ B. नेमार जूनियर (Neymar Jr.) |
| | ✗ C. क्रिस्टियानो रोनाल्डो (Christiano Ronaldo) |
| | ✗ D. लुईस सुआरेज (Luiz Suarez) |

| Q.100 | किस ऑटोमोबाइल कंपनी ने 17 जून, 2025 को जापान के होक्काइडो (Hokkaido) में अपने पहले प्रायोगिक पुनःप्रयोज्य रॉकेट (experimental reusable rocket) का सफल प्रक्षेपण और लैंडिंग परीक्षण किया? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. मित्सुबिशी (Mitsubishi) |
| | ✓ B. होंडा (Honda) |
| | ✗ C. टोयोटा (Toyota) |
| | ✗ D. हुंडई (Hyundai) |

"